प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

" मुख्य समाचार"

- भारतीय मौसम विभाग की स्थापना के एक सौ 50 वर्ष पूरे– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन मौसम का किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य सरकार ने 2 वर्ष के कार्यकाल में वित्तीय अनुशासन की दिशा में उठाए कारगर कदम।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की स्थिति चिंताजनक।
- मकर सक्रांति पर्व पर प्रदेश के तीर्थस्थलों में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी।

स्थापना दिवस

भारतीय मौसम विभाग की स्थापना के 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस मौके पर दिल्ली में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की और मिशन मौसम का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, ये भारत में आधुनिक साइंस और टेक्नोलॉजी की भी यात्रा है। इधर मौसम विज्ञान केंद्र शिमला में भी स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्य सरकार के विशेष सचिव डीसी राणा ने मुख्य बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि एक सौ 50 सालों में आईएमडी के नेटवर्क में वृद्धि हुई है और भविष्य में मौसम विभाग और भी स्टीक जानकारी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेगा।

सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनुशासन की दिशा में कारगर कदम उठाये हैं। आज शिमला में वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार, राज्य के संसाधनों का संतुलित उपयोग कर समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने ई–वितरण, बजट, व्यय और ट्रेजरी से संबंधित विषयों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने किसी भी कार्य या परियोजना के लिए बजट आबंटन के बाद उसे पूर्ण करने के लिए निर्धारित अवधि की अक्षरशः अनुपालना करने और लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग के सभी लंबित बिलों का भुगतान करने के निर्देश भी दिए।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 3 सौ 27 ई–बसों की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज शिमला में एच.आर.टी.सी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए सौ मैटाडोर मिनी बसें खरीदी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने एच.आर.टी.सी. को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस उपाय करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निगम के मंडल व क्षेत्रीय कार्य स्तर तक प्रदर्शन और आय व व्यय की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ज़रूरी दिशा–निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री ने शिमला में गैर सरकारी संस्था 'नीडल लीफ फांऊडेशन –द सेवियर' द्वारा प्रदेश में कार्यान्वित की जाने वाली दो परियोजनाओं का शुभारम्भ किया। संस्था द्वारा इन परियोजनाओं के माध्यम से वनों की आग के नियंत्रण और युवाओं में नशा निवारण व रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशामुक्त हिमाचल के लिए सामूहिक प्रयासों का समर्थन किया है। सोलन जिले के अर्की में आयोजित 'खेल खिलाओ–नशा भगाओ' अभियान के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आज उन्होंने ये बात कही। राज्यपाल ने कहा कि ये अनूठी और प्रभावशाली पहल समाज को नशे के दुष्प्रभाव से मुक्त करने के लिए प्रभावी बनाती है। उन्होंने पंचायती राज प्रतिनिधियों से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह किया। शिव प्रताप शुक्ल ने निरंतर और ईमानदार प्रयासों के माध्यम से बदलाव लाने व नशामुक्त हिमाचल बनाने के लिए एकजुट प्रतिबद्धता का आह्वान किया।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत दुर्गम ग्राम पंचायतों में सुचारू पेयजल व्यवस्था से वंचित गांवों के लिए 100 करोड़ रुपए की धनराशि से परियोजना प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। जिससे अगले 20–25 वर्षों तक यहां पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित होगा। वे आज गतलियाला –दी– धार गाँव में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे ।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के 2 साल के कार्यकाल के दौरान प्रदेश की स्थिति चिंताजनक हो गई है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति खराब है और ईमानदारी से काम करने वाले ठेकेदारों की करोड़ों की देनदारियां लंबित हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग में पिछले 2 सालों से ठेकेदारों की देनदारियां लंबित पड़ी है जिसका आंकड़ा एक हजार करोड़ तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग में भी 5 सौ करोड़ से ज्यादा की देनदारियां लंबित है।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि ठेकेदारों के बकाया भुगतान की अदायगी सरकार समय–समय पर कर रही है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज ही 80 करोड़ रूपये लोक निर्माण विभाग को जारी किए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार अब उन्हीं सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता देगी, जिनकी गिफ्ट डीड का काम पूरा होगा।

मकर संक्रांति

मकर सक्रान्ति का पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्वालुओं ने पवित्र सरोवरों व नदियों में स्नान किया। शिमला और मंडी ज़िलों की सीमा पर स्थित धार्मिक स्थल तत्तापानी में मकर सक्रांति के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाई और तुलादान करवाया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता–

उधर कुल्लू जिला के मणीकर्ण व वशिष्ठ में भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर अपने देवी–देवताओं का आर्शीवाद लिया। और ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता––––

'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- भारतीय मौसम विभाग की स्थापना के एक सौ 50 वर्ष पूरे– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन मौसम का किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य सरकार ने 2 वर्ष के कार्यकाल में वित्तीय अनुशासन की दिशा में उठाए कारगर कदम।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की स्थिति चिंताजनक।
- मकर सक्रांति पर्व पर प्रदेश के तीर्थस्थलों में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी।

----------------------------------------------------------------------------------------------------